# CBSE Class 12 Economics Important Questions Chapter 2 राष्ट्रीय आय का लेखांकन

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
मूल्य ह्रास क्या है?
उत्तर:
पूँजीगत वस्तुओं की नियमित टूट - फूट का समायोजन करने के क्रम में सकल निवेश के मूल्य में किए गए लोप को मूल्य ह्रास कहते हैं।

प्रश्न 2.
मानवीय श्रम का पारिश्रमिक क्या है?
उत्तर:
मानवीय श्रम का पारिश्रमिक मजदूरी है।

प्रश्न 3.
यदि किसी अर्थव्यवस्था में अप्रत्यक्ष कर 25 करोड़ रु. एवं उपदान 5 करोड़ रु. है, तो निवल अप्रत्यक्ष कर की गणना कीजिए।
उत्तर:
निवल अप्रत्यक्ष कर
= अप्रत्यक्ष कर - उपदान = 25 करोड़ रु. - 5 करोड़ रु. = 20 करोड़ रुपये

प्रश्न 4.
टेलीविजन, ट्रेक्टर, पम्प सेट एवं भोजन में से कौनसी पूँजीगत वस्तुएँ हैं ? ।
उत्तर:
ट्रेक्टर एवं पम्प सेट पूँजीगत वस्तुएँ हैं जबकि भोजन उपयोग वस्तु एवं टेलीविजन टिकाऊ उपभोक्ता वस्तु है।

प्रश्न 5.
राष्ट्रीय प्रयोज्य आय को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
यह बाजार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद एवं शेष विश्व से प्राप्त अन्य चाल अंतरणों का योग है।

प्रश्न 6.
आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक कौन है?
उत्तर:
एडम स्मिथ।

प्रश्न 7.
मध्यवर्ती वस्तुओं की परिभाषा दीजिए।
उत्तर:
वे वस्तुएँ जो अन्य वस्तुओं के उत्पादन में कच्चे माल अथवा आगत के रूप में प्रयुक्त होती हैं।

प्रश्न 8.
प्रति व्यक्ति आय से क्या आशय है?
उत्तर:
देश की राष्ट्रीय आय में जनसंख्या का भाग देने से प्राप्त आय।

प्रश्न 9.
अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र की परिभाषा दीजिये।
उत्तर:
प्राथमिक क्षेत्र वह है जिसमें कृषि एवं सम्बद्ध गतिविधियों को शामिल किया जाता है।

प्रश्न 10.
राष्ट्रीय आय को मापने की कौन-कौन सी विधियाँ हैं ?
उत्तर:

1. उत्पादन अथवा मूल्यवर्धित विधि
2. व्यय विधि
3. आय विधि।

प्रश्न 11.
एक अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्रक कौनसे हैं?
उत्तर:

1. प्राथमिक क्षेत्रक
2. द्वितीयक क्षेत्रक
3. तृतीयक अथवा सेवा क्षेत्रक।

प्रश्न 12.
घरेलू कारक आय राष्ट्रीय आय से कब अधिक होगी?
उत्तर:
जब विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय ऋणात्मक होगी।

प्रश्न 13.
यदि घरेलू आय 500 करोड रु. है तथा विदेशों से शुद्ध कारक आय (-) 5 करोड़ है तो राष्ट्रीय आय कितनी होगी?
उत्तर:
राष्ट्रीय आय
= घरेलू आय + विदेशों से शुद्ध कारक आय → 500 करोड़ -5 करोड़
= 495 करोड़

प्रश्न 14.
बताइये निम्नलिखित स्टॉक है या प्रवाह?
1. परिवार की आय
2. परिवार का उपभोग व्यय।
उत्तर:
परिवार की आय एवं उपभोग व्यय दोनों प्रवाह हैं।

प्रश्न 15.
निम्नलिखित में से कौनसा स्टॉक है एवं कौन सा प्रवाह?
1. सम्पत्ति
2. सीमेन्ट उत्पादन।
उत्तर:
सम्पत्ति स्टॉक है तथा सीमेन्ट उत्पादन प्रवाह।

प्रश्न 16.
प्रवाह की धारणा की परिभाषा दें।
उत्तर:
किसी चर की वह मात्रा जिसकी माप एक निश्चित समयावधि में की जाती है।

प्रश्न 17.
स्टॉक किसे कहते हैं?
उत्तर:
किसी चर की वह मात्रा जिसका माप एक निश्चित समय बिन्दु पर किया जाता है।

प्रश्न 18.
मूल्य वृद्धि (VA) का सूत्र लिखिए।
उत्तर:
मूल्य वृद्धि (VA) = बिक्री - मध्यवर्ती वस्तुएँ

प्रश्न 19.
साधन लागत में किसे शामिल किया जाता
उत्तर:
साधन लागत में केवल उत्पादन के साधनों को किया भुगतान शामिल होता है कोई कर शामिल नहीं होता।

प्रश्न 20.
बाजार कीमतों पर GDP से साधन लागत पर GDP कैसे ज्ञात करते हैं?
उत्तर:
साधन लागत पर GDPer, बाजार कीमतों पर GDP में से शुद्ध अप्रत्यक्ष कर घटाने पर प्राप्त होती है।

प्रश्न 21.
ऐसी वस्तु को क्या कहते हैं, जिसे पुनः उत्पादन प्रक्रम के किसी चरण से गुजरना नहीं पड़ता है ?
उत्तर:
अन्तिम वस्तु।

प्रश्न 22.
मध्यवर्ती वस्तु के मूल्य को राष्ट्रीय आय में शामिल करने से क्या समस्या उत्पन्न होती है?
उत्तर:
दोहरी गणना की समस्या उत्पन्न हो जाती

https://www.evidyarthi.in/

लघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
सकल राष्ट्रीय उत्पाद एवं सकल घरेलू उत्पाद की अवधारणाओं को समझाइए।
उत्तर:
सकल राष्ट्रीय उत्पाद: इसकी गणना करने हेतु सकल घरेलू उत्पाद में विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय को जोड़ा जाता है।
सकल घरेलू उत्पाद: इसमें किसी घरेलू अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत एक वर्ष में उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं की बाजार कीमत पर माप की जाती है।

प्रश्न 2.
कोई फर्म प्रतिवर्ष 200 रुपये मूल्य की वस्तु का उत्पादन करती है। उस वर्ष में 40 रुपये की मध्यवर्ती वस्तुओं का उपयोग किया जाता है, तो फर्म का सकल मूल्यवर्धित परिकलित कीजिए।
उत्तर:
सकल मूल्यवर्धित = वस्तु का उत्पादन - मध्यवर्ती वस्तुओं का उपयोग
= 200 - 40 = 160 रुपये

प्रश्न 3.
यदि एक राष्ट्र का कुल उपभोग व्यय (C) 1000 करोड़ रुपये, कुल निजी विनियोग (1) 400 करोड़ रुपये तथा सरकारी विनियोग (G) की राशि 600 करोड़ रुपये हो तो सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का मूल्य ज्ञात कीजिए।
उत्तर:
सकल घरेलू उत्पाद = कुल उपभोग व्यय + कुल निजी विनियोग
+ सरकारी विनियोग = 1000 + 400 + 600 = 2000 करोड़ रुपये।

प्रश्न 4.
राष्ट्रीय आय के चक्रीय प्रवाह से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रकों के मध्य आय अथवा वस्तुओं एवं सेवाओं के आदान-प्रदान को राष्ट्रीय आय का चक्रीय प्रवाह कहा जाता है।

प्रश्न 5.
मौद्रिक प्रवाह की परिभाषा दीजिये।
उत्तर:
अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रकों के मध्य मुद्रा अथवा साधनों की मौद्रिक आयों का जो आदानप्रदान होता है उसे मौद्रिक प्रवाह कहा जाता है।

प्रश्न 6.
उपयुक्त उदाहरण देते हुए अन्तरवती पदार्थ एवं अन्तिम पदार्थ में अन्तर बताइये।
अथवा
अन्तिम वस्तु एवं मध्यवर्ती वस्तु में अन्तर बताइए।
उत्तर:
वह वस्तु जो अन्तिम रूप से उपयोग हेतु तैयार है, अन्तिम वस्तु है, जैसे-जूता। वह वस्तु जो अन्य वस्तु के उत्पादन में काम में आती है, मध्यवर्ती वस्तु है, जैसे - जूते के उत्पादन हेतु चमड़ा।

प्रश्न 7.
सकल राष्ट्रीय उत्पाद से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
किसी देश में एक वर्ष की अवधि में उत्पादित अन्तिम वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के योग को सकल राष्ट्रीय उत्पाद कहा जाता है।

प्रश्न 8.
सकल घरेलू उत्पाद से आप क्या समझते
उत्तर:
किसी देश की घरेलू सीमाओं में एक वर्ष में उत्पादित अन्तिम वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के योग को सकल घरेलू उत्पाद कहा जाता है।

प्रश्न 9.
शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
किसी देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद में से मूल्यह्रास घटाने के पश्चात् जो बचता है, उसे शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद कहा जाता है।

प्रश्न 10.
कुल राष्ट्रीय आय की परिभाषा दीजिए।
उत्तर:

बाजार कीमत पर शुद्ध राष्ट्रीय आय में से अप्रत्यक्ष करों को घटाने तथा सरकारी अनुदानों को जोड़ने से जो आय प्राप्त होती है वह कुल राष्ट्रीय आय है अर्थात् साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद।

प्रश्न 11.
साधन लागत पर GDP से बाजार कीमत पर GDP का आकलन कैसे किया जाता है ?
उत्तर:
साधन लागत पर GDP से बाजार कीमतों पर GDP का आकलन करने के लिए साधन लागत में करों को जोड़ा एवं उपदान को घटाया जाता है।

प्रश्न 12.
घरेलू कारक आय का अर्थ बताइये।
उत्तर:
किसी देश की घरेल सीमाओं में उत्पादन के साधनों को प्राप्त होने वाली आय को घरेलू कारक अथवा साधन आय कहा जाता है।

प्रश्न 13.
कारक लागत पर घरेलू उत्पाद अथवा सकल घरेलू आय की परिभाषा दें।
उत्तर:
बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद में अप्रत्यक्ष कर घटाने तथा सरकार द्वारा दिए अनुदान की राशि जोड़ने से जो उत्पादन प्राप्त होता है वह कारक लागत पर घरेलू उत्पाद होता है।

प्रश्न 14.
अंशों की बिक्री से प्राप्त मुद्रा को घरेलू कारक आय में शामिल क्यों नहीं किया जाता है?
उत्तर:
अंशों की बिक्री से प्राप्त आय हस्तान्तरण भुगतान होता है अतः इसे घरेलू कारक आय में शामिल नहीं किया जाता है।

प्रश्न 15.
निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जायेगा
1. लाटरी से जीता इनाम
2. स्व-उपभोग के लिए कृषि उत्पादन
3. वृद्धावस्था पेंशन
4. नई कार खरीदना।

उत्तर:
लाटरी से जीता इनाम तथा वृद्धावस्था पेंशन को राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाएगा, क्योंकि ये हस्तान्तरण भुगतान हैं।

प्रश्न 16.
राष्ट्रीय आय तथा घरेलू आय में अन्तर बताइये।
उत्तर:
राष्ट्रीय आय में विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय शामिल होती है जबकि घरेलू आय में यह शामिल नहीं होती है।

प्रश्न 17.
आप राष्ट्रीय आय से कुल व्यय योग्य आय कैसे निकालेंगे?
उत्तर:
राष्ट्रीय आय में शेष विश्व से प्राप्त निवल अन्तरण जोड़कर एवं प्रत्यक्ष कर व शुल्क जुर्माना घटाकर कुल व्यय योग्य आय ज्ञात की जा सकती है।

प्रश्न 18.
माल सूची किसे कहते हैं?
उत्तर:
अबिक्रित निर्मित वस्तुओं अथवा अर्द्धनिर्मित वस्तुओं अथवा कच्चे मालों का स्टॉक एक वर्ष से अगले वर्ष तक रखती है, उसे माल सूची कहते हैं।

प्रश्न 19.
मूल्यवर्धित विधि से सकल घरेलू उत्पाद कैसे ज्ञात किया जाता है?
उत्तर:
एक वर्ष में अर्थव्यवस्था की सभी फर्मों के सकल मूल्यवर्धित का योग करके सकल घरेलू उत्पाद ज्ञात किया जाता है।

प्रश्न 20.
व्यय विधि द्वारा सकल घरेलू उत्पाद ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।
उत्तर:
सकल घरेलू उत्पाद $= C + I + G + X + M$
यहाँ C = अन्तिम उपयोग,
I = अन्तिम निवेश,
G = सरकारी व्यय,
X = निर्यात,
M = आयात।

https://www.evidyarthi.in/